Maryland State Department of
EDUCATION
Achievement Matters Most

# उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है

## विषयक पालक (माता/पिता) हेतु मार्गदर्शिका



प्री के (किंडरगार्टन के पहले) से **12** वीं कक्षा तक की शिक्षा के लिए मैरीलैंड की योजना

जनवरी **2004** में संशोधित

Hindi

# मैरीलैंड राज्य शिक्षा बोर्ड

Edward L. Root
*अध्यक्ष*

Jo Ann T. Bell
*उपाध्यक्ष*

Dunbar Brooks
Calvin D. Disney
Rev. Clarence A. Hawkins
Walter S. Levin
Karabelle Pizzigati
Maria C. Torres-Queral
John L. Wisthoff
रिक्त पद
Christopher J. Caniglia *(विद्यार्थी सदस्य)*

Nancy S. Grasmick
*बोर्ड की सचिव - कोषाध्यक्ष*
*राज्य स्कूल अधीक्षिका*



मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग
शिक्षा नीति कार्यालय
Ronald Peiffer, राज्य उप अधीक्षक
200 West Baltimore Street • Baltimore, Maryland 21201-2595
फोन 410-767-0600/888-246-0016 • फैक्स 410-333-2275
www.marylandpublicschools.org



मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग रोजगार अथवा कार्यक्रम सुलभ कराने के मामलों में जाति, रंग, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, धर्म अथवा विकलांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करता। विभागीय नीति सम्बन्धी पूछताछ के लिए कृपया मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग की समानता, आश्वासन तथा अनुपालन (इक्विटी अश्युरेंस एंड कम्प्लायंस) शाखा से सम्पर्क करें।
200 West Baltimore Street
Baltimore, MD 21201-2595
फोन 410-767-0433 टीटीवाई/ टीडीडी 410-333-6442
फैक्स 410-767-0431


उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है विषयक पालक (माता/पिता) हेतु मार्गदर्शिका

# विषय सूची


मैरीलैंड पब्लिक एज्युकेशन (सार्वजनिक शिक्षा) में बदलाव **2**

उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है **4**

उच्च अपेक्षायें **6**

पाठ्यक्रम **8**

प्रगति मापन **10**
- मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट (आकलन) 10
- मैरीलैंड हाई स्कूल असेसमेन्ट (आकलन) 16

विशेष ज़रूरतों वाले और/या अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता रखने वाले विद्यार्थियों की जांच करना (परीक्षा लेना) **21**

जवाबदेही **22**

परिवार की भागीदारी **24**

उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित करना **26**


अधिक जानकारी के लिए **28**

# मैरीलैंड पब्लिक एज्युकेशन (सार्वजनिक शिक्षा) में बदलाव

एक पालक के रूप में, आप अपने बच्चों के लिए सब कुछ सर्वोत्तम चाहते हैं। इसमें प्रथम श्रेणी की शिक्षा भी शामिल है जो उन्हें एक सफल भविष्य के लिए तैयार करेगी। मैरीलैंड राज्य भी आपके बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्राप्तियों की इच्छा रखता है।

हर विद्यार्थी की उपलब्धि के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए, मैरीलैंड ने पब्लिक स्कूलों के लिए **उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है** नामक एक योजना तैयार की है जो कि स्कूलों में उपलब्धि, अध्यापन, परीक्षण, सुरक्षा, तथा परिवार की भागीदारी के क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित करती है। उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, यह बेहतर स्कूलों के लिए दूरदर्शी पैनल के काम पर आधारित है और इसमें 2001 के 'नो चाइल्ड लेफ्ट विहाइन्ड' (कोई बच्चा पीछे न छूटे) ऐक्ट तथा पब्लिक स्कूलों में 'ब्रिज टु एक्सलेन्स' (उत्कृष्टता के लिए सेतु) ऐक्ट की शर्तों का भी समावेश है।

**बेहतर स्कूलों के लिए दूरदर्शी पैनल** माता-पिता, अध्यापकों, प्रशासकों, कॉलेज के प्रोफेसरों, नीति निर्माताओं, तथा राष्ट्रीय शिक्षा विशेषज्ञों का एक समूह था जिसने मैरीलैंड के स्कूल सुधार प्रयासों की समीक्षा की तथा सुधार के लिए सिफारिशें कीं। राज्य की स्कूल अधीक्षिका नैन्सी ग्रास्मिक ने मैरीलैंड में स्कूल सुधार के एक नये दशक की योजना बनाने में अपनी सहायता के लिए पैनल के सदस्यों को इकट्ठा किया। उनकी सिफारिशें 'उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं' की रीढ़ की हडडी हैं।




**नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइन्ड ऐक्ट** यू. एस. कांग्रेस द्वारा पारित किया गया तथा 8 जनवरी 2002 को इसे कानून का दर्जा प्राप्त हुआ। इस कानून के अनुसार ज़रूरी है कि राज्य मानकों को तैयार करें तथा उस दिशा में विद्यार्थियों की प्रगति मापें, स्कूलों के बारे में "रिपोर्ट कार्ड" प्रकाशित करें, सुनिश्चित करें कि अध्यापक अत्यन्त योग्य हों, तथा यदि स्कूल सुरक्षित नहीं हैं अथवा पर्याप्त शैक्षणिक प्रगति नहीं कर रहे हैं तो उन पर कार्यवाही करे।



उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है विषयक पालक (माता/पिता) हेतु मार्गदर्शिका

मैरीलैंड इन चीजों को वर्षो से करता आया है। तथापि, नया कानून मैरीलैंड को सुधार के लिए राष्ट्रीय मार्गनिर्देश व समय सीमायें प्रदान करता है।

**पब्लिक स्कूलों हेतु ब्रिज टु एक्सलेंस ऐक्ट** मैरीलैंड जनरल असैम्बली के द्वारा वर्ष 2002 के बसन्त में पारित किया गया था। यह ऐक्ट पब्लिक स्कूलों के लिए कोष व्यवस्था में वृद्धि करता है, शिक्षा सम्बन्धी विशेष ज़रूरतों वाले विद्यार्थियों के लिए अधिक धन मुहैया कराता है तथा धन किस प्रकार खर्च किया जाये इस दिशा में स्कूल की व्यवस्थाओं को अधिक लचीलापन प्रदान करता है। इन निधियों के बदले, हर स्कूल व्यवस्था को अपने सभी विद्यार्थियों के लिए उपलब्धि सुधार हेतु एक योजना तैयार करनी चाहिए। स्कूल व्यवस्थाओं को सभी बच्चों के लिए पूर्ण दिवसीय किंडरगार्टन कार्यक्रम तथा निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों के लिए प्री-किंडरगार्टन कार्यक्रम भी स्थापित करने चाहियें।

मैरीलैंड राज्य भी बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्राप्ति की इच्छा रखता है।



# उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं

'उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है' ध्येय मैरीलैंड सार्वजनिक (पब्लिक) शिक्षा के लिए पाँच सरल परन्तु चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित करता है।

**लक्ष्य 1:** उपलब्धि में सुधार *हर* विद्यार्थी के लिए होगा। किसी भी शिक्षा सम्बन्धी योजना या नीति का लक्ष्य विद्यार्थी की उपलब्धि में सुधार करना है।पर मैरीलैंड में जो बात अलग है वह है हर विद्यार्थी पर ध्यान देना। मैरीलैंड भिन्न जातियों व नस्लों, परिवार की आमदनियों, मातृभाषाओं, अथवा विकलांगताओं से सम्बन्ध रखने वाले विद्यार्थियों के बीच परिणाम प्रदर्शित करने वाले अन्तरों को खत्म करने के बारे में गम्भीर है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी विद्यार्थी उपलब्धि हासिल करें, स्कूलों से अपेक्षा की जाती है सभी बच्चों में प्रगति प्रदर्शित हो, चाहे उनकी जाति/नस्ल, लिंग, विकलांगता, गरीबी का स्तर, प्रवासी स्तर अथवा अंग्रेजी भाषा की सीमित प्रवीणता कुछ भी हो। निम्नलिखित सभी लक्ष्य इस लक्ष्य में सफलता के लिए सहायता करते हैं।

**लक्ष्य 2:** पाठ्यक्रम, निर्देश, और परीक्षण में बेहतर तालमेल बिठाया जायेगा और उन्हें बेहतर समझने योग्य बनाया जायेगा। पाठ्यक्रम, निर्देश और परीक्षण शिक्षा की नींव हैं। इन तीनों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध या तालमेल अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अध्यापकों के लिए यह स्पष्ट करने हेतु कि हर कक्षा में हर विषय में क्या विषय सामग्री व निपुणतायें पढ़ायी जायें, मैरीलैंड एक नया पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है। मैरीलैंड की परीक्षायें यह पता लगायेंगी कि विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम में विषय और निपुणतायें कितने अच्छे ढंग से सीखी हैं। परीक्षा के परिणाम विद्यार्थियों की ताकतों और कमजोरियों को पहचानने में तथा निर्देशों में सुधार करने में अध्यापकों की सहायता करेंगे। परीक्षा के परिणाम माता-पिता को भी उनके बच्चे के शिक्षा सम्बन्धी प्रदर्शन की बेहतर तस्वीर पेश करेंगे।

**लक्ष्य 3:** सभी शिक्षकों में विद्यार्थी की उपलब्धि में सुधार करने की निपुणतायें होंगी। यदि विद्यार्थियों को उच्च मापदंड प्राप्त करने हैं तो उन्हें निपुण अध्यापकों की ज़रूरत है जो पाठ्यक्रम को पूरी तरह से समझते हों और यह भी समझते हों कि इसे किस प्रकार पढ़ाया जाये। मैरीलैंड को कक्षाओं के लिए सर्वोत्तम उम्मीदवारों की भर्ती करनी चाहिए और उन्हें इस व्यवसाय में बने रहने के कारण प्रदान करने चाहिये। नये अध्यापकों को सहारे व भरोसेमन्द सलाह की ज़रूरत होती है: सभी अध्यापकों को निरन्तर



उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है विषयक पालक (माता/पिता) हेतु मार्गदर्शिका

प्रशिक्षण तथा पाठ तैयार करने के लिए समय की ज़रूरत होती है। और हर स्कूल को एक अत्यन्त योग्य प्रिंसिपल के नेतृत्व की ज़रूरत होती है।



**लक्ष्य 4:** सभी स्कूल सुरक्षित, नशीली दवाओं से मुक्त, और शिक्षा के लिए सहायक परिवेश वाले होंगे। सभी बच्चों को ऐसे स्कूलों में पढ़ने का अधिकार है जिसमें वे उपलब्धि हासिल कर सकें। इसका अर्थ है कि स्कूलों को शिक्षा के लिए एक सुरक्षित व स्वस्थ माहौल पैदा करना चाहिए। स्कूल में हिंसा और आतंकवादी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, मैरीलैंड के स्कूलों ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बना लिया है। सभी मैरीलैंड स्कूलों को सुरक्षा बढ़ाने के लिए तथा उत्पीड़न व जोर-जबरदस्ती को कम करने के लिए बनाये गये राज्य अधिनियमों का पालन करना चाहिये। साथ ही, हर स्कूल के पास स्थानीय स्कूल पद्धति योजना पर आधारित एक सुरक्षा योजना व आचार संहिता होती है। अपने बच्चे के स्कूल से उनके अनुशासन व सुरक्षा नीतियों के बारे में चर्चा करने के लिए सम्पर्क करें।

**लक्ष्य 5:** शिक्षा में माता-पिता तथा कानूनी संरक्षकों को शामिल किया जायेगा। एक पालक या कानूनी संरक्षक के रूप में आप सम्भवत: जानते हैं कि वे बच्चे, जिनके परिवार के लोग स्कूल की गतिविधियों में शामिल होते हैं, उच्चतर श्रेणी प्राप्त करते हैं, उनका व्यवहार बेहतर होता है और उनकी हाईस्कूल से ग्रेज्युएट होने की तथा अपनी शिक्षा जारी रखने की सम्भावना अधिक होती है। शिक्षा में माता/पिता की भागीदारी से अध्यापक का मनोबल भी बढ़ता है और इससे परिवार व समुदाय एक दूसरे के नजदीक आते हैं। स्कूल और घर के बीच नियमित, दो-तरफा संवाद महत्वपूर्ण हैं। माता/पिता की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, स्कूलों को परिवारों के साथ अक्सर, स्पष्ट रूप से और सार्थक रूप से बातचीत करनी चाहिए तथा माता-पिता से उन निर्णयों के बारे में राय जाननी चाहिए जो उनके बच्चों को प्रभावित करते हैं।

# उच्च अपेक्षायें

यदि सभी बच्चों को सफलता के लिए समान अवसर प्राप्त करने हैं तो स्कूलों को सभी विद्यार्थियों के लिए उच्च अपेक्षायें रखनी चाहियें। यहां पर केवल कुछ तरीके दिये गये हैं जिनके ज़रिये मैरीलैंड उच्च अपेक्षाओं को बढ़ावा देता है और स्कूलों को सभी बच्चों के लिए सुधार करने में सहायता करता है:

- **मैरीलैंड स्वैच्छिक राज्य पाठ्यक्रम** अध्यापकों और माता-पिता को यह स्पष्ट करता है कि विद्यार्थियों को हर विषय में और हर कक्षा में क्या सीखना चाहिये।
- **मैरीलैंड स्कूलों के विद्यार्थियों** के पढ़ने (रीडिंग) व गणित में प्रदर्शन तथा उपस्थिति में या ग्रेज्युएशन दर में सुधार के **वार्षिक लक्ष्य होते हैं**। स्कूलों को समुचित वार्षिक प्रगति करने के लिए विद्यार्थियों के सभी उपसमूहों के बीच अपने सभी लक्ष्यों को पूरा करना चाहिये। आठ उपसमूह हैं: पाँच जाति/ नस्ल उपसमूह, विकलांग विद्यार्थी, अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता रखने वाले विद्यार्थी, तथा मुफ्त या घटे-मूल्य पर भोजन प्राप्त करने वाले विद्यार्थी (गरीबी का सूचक)।
- **वे स्कूल जो दो वर्षों तक समुचित वार्षिक प्रगति नहीं करते** उन्हें राज्य स्कूल सुधार हेतु चिन्हित किया जायेगा। जवाबदेही और राज्य स्कूल सुधार प्रक्रिया पर अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ **22** देखें।



- **स्कूल का प्रदर्शन हर वर्ष वार्षिक रिपोर्ट कार्ड** (मैरीलैंड स्कूल परफोर्मेन्स रिपोर्ट) **में सूचित किया जाता है** ताकि माता-पिता और समुदाय जान सकें कि उनके स्कूल कितनी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। आपके बच्चे का स्कूल आपको इस रिपोर्ट की एक प्रति प्रदान करेगा। यह वेबसाइट **www.mdreportcard.org** पर भी उपलब्ध है।







- **हर स्कूल के पास एक स्कूल सुधार टीम है** जो विद्यार्थी की शिक्षा में सुधार लाने के लिए काम करती है। ये टीमें अध्यापकों, माता-पिता और समुदाय सदस्यों को मिलाकर बनायी गयी हैं जो 'स्कूल परफोर्मेन्स डेटा' का अध्ययन करती हैं तथा निर्देशों में सुधार निर्धारित करती हैं।
- उन स्कूलों को जो विद्यार्थियों के सभी समूहों में जबरदस्त सुधार करते हैं, **वित्तीय पुरस्कार व सार्वजनिक सम्मान** दिये जा सकते हैं।
- **राज्य की परिवार भागीदारी नीति** स्कूल के प्रमुखों को, परिवारों और समुदायों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए तथा बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी को बांटने के लिए प्रोत्साहित करती है।

आगे आने वाले पृष्ठ इस बारे में और अधिक जानकारी देते हैं कि मैरीलैंड स्कूलों की 'उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है' कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने में किस प्रकार सहायता कर रहा है। इस बारे में सुझाव और सलाह भी दी गई है कि आप अपने बच्चे की शिक्षा में और अधिक भागीदार किस प्रकार हो सकते हैं। *'उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है विषयक पालक हेतु मार्गदर्शिका'* पढ़ने के बाद आप अपने बच्चे के अध्यापक या प्रिंसिपल से इस बारे में बात करना चाह सकते हैं कि विद्यार्थी की उपलब्धि का स्तर बढ़ाने के लिए स्कूल क्या कर रहा है और आप उनकी मदद करने के लिए क्या कर सकते हैं।

# पाठ्यक्रम

मैरीलैंड एक स्वैच्छिक राज्य व्यापी पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए काम करता आ रहा है।

## पाठ्यक्रम क्या है?

पाठ्यक्रम वह दस्तावेज है जिसमें बताया गया है कि विद्यार्थी को प्रत्येक विषय और कक्षा में क्या सीखना चाहिए। यह अध्यापकों को उनके पाठों की योजना बनाने में मार्गदर्शन करता है तथा निर्देशों में सुधार लाने का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। परम्परागत रूप से, मैरीलैंड की **24** स्थानीय स्कूल व्यवस्थाओं में से हर कोई मैरीलैंड के विषय मानकों पर आधारित अपना पाठ्यक्रम तैयार करती है। ये मानक बताते हैं कि बच्चों को प्रारम्भिक, माध्यमिक, और हाई स्कूल स्तर पर क्या सीखना चाहिये।

## राज्य स्तर पर पाठ्क्रम क्यों तैयार किया जाये?

स्कूल व्यवस्थाओं के बीच इस बारे में मतभेद हैं कि क्या पढ़ाया जाता है और कब पढ़ाया जाता है। अध्यापकों को यह समझने में मदद करने के लिए कि क्या पढ़ाया जाना चाहिए, मैरीलैंड एक स्वैच्छिक राज्यव्यापी पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है जो स्पष्ट होगा और विस्तृत होगा।

## राज्य का पाठ्यक्रम स्वैच्छिक क्यों होगा और आवश्यक क्यों नहीं?

पाठ्यक्रम के बारे में निर्णय स्थानीय शिक्षा मंडलों द्वारा लिये जाते हैं, न कि राज्य द्वारा। नया मैरीलैंड पाठ्यक्रम सभी स्कूल व्यवस्थाओं को उनके अपने पाठ्यक्रम के रूप में अपनाये जाने के लिए अथवा उनके अपने पाठ्यक्रम में इसे सम्मिलित करने के लिए उपलब्ध होगा। राज्य के पाठ्यक्रम को अपनाना अनिवार्य नहीं होगा।

## स्वैच्छिक राजकीय पाठ्यक्रम मैरीलेंड के विषय सामग्री मानकों से किस प्रकार भिन्न होगा?

मैरीलैंड विषय सामग्री मानक बताते हैं कि विद्यार्थियों को प्रारम्भिक, माध्यमिक और हाईस्कूल स्तरों पर कम से कम क्या सीखना चाहिये। राज्य की सभी परीक्षायें मैरीलैंड विषय सामग्री मानकों पर आधारित हैं। परन्तु मैरीलैंड विषय सामग्री मानक यह नहीं बताते कि *हर कक्षा में* क्या पढ़ाया जाना चाहिए। मैरीलैंड का स्वैच्छिक पाठ्यक्रम विषय सामग्री मानकों की तुलना में और अधिक विशिष्ट ब्यौरा देगा। पाठ्यक्रम में बताया जायेगा कि *हर विषय* (पढ़ना (रीडिंग)/अंग्रेजी भाषा कौशल, गणित, विज्ञान, सामाजिक विषय, फाइन आर्ट्स, स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा, एवं विदेशी भाषाएं) में *हर कक्षा में* क्या पढ़ाया जाना चाहिये।



उपलब्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण है विषयक पालक (माता/पिता) हेतु मार्गदर्शिका

## पाठ्यक्रम किस तरह का दिखेगा?

मैरीलैंड स्वैच्छिक पाठ्यक्रम में विवरण के तीन स्तर होंगे: विषय सामग्री, मानक, सूचक, और उद्देश्य। सूचक परिभाषित करते हैं कि राज्य के विषय सामग्री मानकों से क्या आकलन किया जायेगा। उद्देश्य, उन विशिष्ट विषय सामग्री या निपुणताओं का विवरण देते हैं जो विद्यार्थी हर कक्षा स्तर पर सीखेगा। विवरण के ये तीनों स्तर अध्यापकों को विद्यार्थियों के लिए पाठ और कार्य की योजना बनाने में सहायता करेंगे। पाठ्यक्रम किस प्रकार का दिख सकता है इसका एक छोटा सा भाग नीचे दिया गया है। यह विशेष उदाहरण उन बहुत-सी गणित सम्बन्धी निपुणताओं में से केवल एक को दर्शाता है जिन्हें छठी कक्षा के विद्यार्थी सीखेंगे, जैसे: समीकरणों और असमानताओं को कैसे हल किया जाये।

### कक्षा 6 गणित

- विषय सामग्री मानक: बीजगणित, नमूनों (पिटर्न्स), या फंक्शन्स का ज्ञान। विद्यार्थी गणित सम्बन्धी या वास्तविक दुनिया की समस्याओं का पैटर्न्स या फंक्शन्स के सम्बन्धों को शामिल करते हुए बीजगणितीय रूप से दर्शायेंगे, विश्लेषण करेंगे, अथवा उन्हें हल करेंगे।
  - सूचक वक्तव्य : समीकरणों और असमानताओं को पहचानें, लिखें, और हल करें।

    उद्देश्य:
    - सम्बन्ध बताने के लिए समीकरण व असमानतायें लिखें।
    - रेखीय समीकरण में अज्ञात संख्या बतायें।

## पाठ्यक्रम कब पूरा हो जायेगा?

स्वैच्छिक राज्य पाठ्क्रम प्री के से लेकर कक्षा **8** तक रीडिंग/अंग्रेजी भाषा कौशल, गणित, विज्ञान, तथा सामाजिक विषयों में एवं कक्षा **10** में पठन (रीडिंग) में प्रयोगात्मक रूप से परखा जा रहा है। राजकीय एवं स्थानीय स्कूल व्यवस्था के शिक्षाविद फिलहाल विदेशी भाषा, फाइन आर्ट्स, स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा के लिए तथा हाईस्कूल स्तर पर राज्य परीक्षाओं में शामिल विषयों — बीजगणित/डैटा विश्लेषण, रेखा गणित, अंग्रेजी, सरकार और जीवविज्ञान के लिए मैरीलैंड का स्वैच्छिक पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं। स्वैच्छिक पाठ्यक्रम की प्रगति पर अद्यतन जानकारी के लिए मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.marylandpublicschools.org देखें।

# प्रगति मापन

स्कूल टेस्ट (परीक्षायें) लेते हैं ताकि वे जान सकें कि विद्यार्थी कितनी अच्छी तरह से सीख रहे हैं। टेस्ट स्कोर प्रधानाचार्यो और अध्यापकों को शिक्षा निर्देशों में सुधार करने और स्कूल कार्यक्रमों को बनाने में मदद करते हैं। वैयक्तिक टेस्ट स्कोर अध्यापकों और माता-पिता को विद्यार्थी की शिक्षा सम्बन्धी ताकतों और कमजोरियों को समझाने में मदद करते हैं। आपके बच्चे का स्कूल आपको जानकारी देगा कि क्या टेस्ट लिया जायेगा। मैरीलैंड के दो राज्य व्यापी परीक्षा कार्यक्रम हैं, मैरीलैंड स्कूल असेसमेंट तथा मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स।

## मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट

### मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट क्या है?

- मैरीलैंड स्कूल असैसमेंट (MSA) पठन (रीडिंग) में और गणित में उपलब्धि का टेस्ट है। MSA **2008** से विज्ञान में भी उपलब्धि का टेस्ट लेगा।
- MSA संघीय कानून 'नो चाइल्ड लेफ्ट विहाइन्ड ऐक्ट' की शर्तो को पूरा करता है।
- यह निपुणताओं के आधारभूत स्तर के साथ-साथ उच्चतर स्तर को भी नापता है।
- परीक्षा (टेस्ट) पूरी करने के लिए विद्यार्थी समूहों में काम करने के बजाय स्वयं काम करते हैं।
- विद्यार्थी हर रोज लगभग **90** मिनटों तक परीक्षा देते हैं। परीक्षा के लिए चार दिन हैं — दो दिन पठन (रीडिंग) के लिए और दो दिन गणित के लिए।
- परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न और लिखित उत्तर वाले प्रश्न शामिल होते हैं।
- परीक्षा के प्रश्नों के नमूने पृष्ठ **12-15** पर दर्शाये गये हैं। और अधिक प्रश्न वेबसाइट www.marylandpublicschools.org पर उपलब्ध हैं।





### विद्यार्थी MSA टेस्ट कब देते हैं?

टेस्ट कक्षा **3** से कक्षा **8** तक पठन (रीडिंग) में और गणित में तथा कक्षा **10** में पठन (रीडिंग) में हर वर्ष मार्च के शुरू में दिया जाता है। विद्यार्थियों के द्वारा रेखागणित का कोर्स पूरा कर लेने के बाद यह रेखागणित में भी दिया जाता है। मार्च **2008** तक कक्षा **3**, **5** और **8** में विज्ञान विषय जोड़ दिया जायेगा। जीवविज्ञान में मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट, विज्ञान की परीक्षा सम्बन्धी संघीय शर्तो को पूरा करेगा। इन हाईस्कूल परीक्षाओं पर जानकारी के लिए पृष्ठ **16** देखें।



### क्या मुझे अपने बच्चे के MSA लिए स्कोर्स मिलेंगे?

हाँ! स्कोर्स दर्शायेंगे कि आपके बच्चे ने विषय सामग्री कितनी अच्छी तरह से सीखी और आपके बच्चे ने अन्य बच्चों की तुलना में राष्ट्रीय स्तर पर कैसा प्रदर्शन किया। स्कोर रिपोर्ट में स्कूल, स्थानीय स्कूल व्यवस्था और राज्य का प्रदर्शन भी दिखाया जायेगा। स्कोर्स साधारण, प्रवीण तथा उन्नत प्रदर्शन के सन्दर्भ में रिपोर्ट किये जाते हैं। अकेले MSA स्कोर्स आपके बच्चे के शिक्षा सम्बन्धी प्रदर्शन की केवल एक आंशिक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। परन्तु आपके बच्चे के कक्षा कार्य (क्लासवर्क), होमवर्क तथा अन्य टेस्ट स्कोर्स के साथ, MSA परिणाम आपके बच्चे के प्रदर्शन की एक उत्तम झांकी प्रदान करेंगे।

# मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट परीक्षा प्रश्नों के नमूने

विद्यार्थी मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट में जिस प्रकार के प्रश्नों की परीक्षा में आशा कर सकते हैं, उसके उदाहरण निम्नलिखित हैं। परीक्षा प्रश्नों के अधिक नमूने वेबसाइट www.marylandpublicschools.org पर दिये गये हैं।

## *नमूना प्रश्न — कक्षा 3 गणित*

**निर्देश:** उस गोले को पेंसिल से भरें जो आपके उत्तर से मेल खाता हो

डरिया को अपनी जेब में कुछ सिक्के मिले। नीचे दर्शाये गये सिक्कों को गौर से देखें।



**डरिया को अपनी जेब में कितनी धनराशि मिली?**

विद्यार्थी का उत्तर:

○ **A** $.92  ○ **C** $.41

● **B** $1.02  ○ **D** $.42



## *नमूना प्रश्न — कक्षा 5 गणित*

**निर्देश :** नीचे दी गयी भिन्नों को गौर से देखें

$\frac{5}{4}$   $2\frac{1}{2}$   $\frac{13}{8}$

**खंड A**

**संख्याओं को न्यूनतम से अधिकतम के क्रम में रखें**

विद्यार्थी का उत्तर:

$\frac{5}{4}$   $\frac{13}{8}$   $2\frac{1}{2}$

**खंड B**

आपका उत्तर ठीक क्यों है, इसकी व्याख्या करने के लिए समतुल्य भिन्नों के बारे में अपनी जानकारी का उपयोग करें। अपनी व्याख्या में शव्दों और/ या संख्याओं का प्रयोग करें।

विद्यार्थी का उत्तर:

मैंने पहले $\frac{5}{4}$ को $1\frac{2}{8}$ में बदला और फिर $\frac{13}{8}$ को $1\frac{5}{8}$ में।

इसके बाद मैंने $2\frac{1}{2}$ को $2\frac{4}{8}$ में बदला और फिर उन्हें क्रम में रख दिया। $1\frac{2}{8}$ पहले आता है क्योंकि $\frac{2}{8}$ का मूल्य $\frac{5}{8}$ से कम है और दोनों भिन्नें 2 से कम हैं।

*नोट: विद्यार्थी अलग-अलग तरीकों से प्रश्न हल कर सकते हैं।*

मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट के रीडिंग वाले हिस्से में जिस प्रकार के प्रश्न पाये गये उनके उदाहरण निम्नलिखित हैं। हर कक्षा स्तर की परीक्षा में मिश्रित प्रकार के (बहुविकल्पीय तथा लिखित उत्तर वाले) प्रश्न रखे जाते हैं जो निपुणताओं की विस्तृत सीमा जांचते हैं।

## *नमूना प्रश्न — कक्षा 3 पठन (रीडिंग)*

**निर्देश:** उस शब्द को चुनें जिसका अर्थ वही, या लगभग वही है, जो रेखांकित शब्द का है। फिर अपने द्वारा चुने गये उत्तर के स्थान पर निशान लगायें।

स्प्रिन्कल का अर्थ है:

विद्यार्थी का उत्तर:

| | |
|---|---|
| ○ A उबलना | ○ C बार-बार जोर से प्रहार करना |
| ○ B घसीटना | ● D बिखेरना |

## *नमूना प्रश्न — कक्षा 5 पठन (रीडिंग)*

**निर्देश:** उस शब्द या शब्दों के समूह को चुनें जिसका अर्थ वही है, जो रेखांकित शब्द का है। फिर अपने द्वारा चुने गये उत्तर के स्थान पर निशान लगायें।

लंच के बाद क्लास ड्राउजी थी और फिल्म पर ध्यान देने में परेशानी हो रही थी।

ड्राउजी का मतलब है—

विद्यार्थी का उत्तर:

| | |
|---|---|
| ○ A फुल (पूरा) | ○ C पैशेन्ट (धैर्यवान) |
| ○ B लेट (देरी से) | ● D स्लीपी (उनींदी) |

## *नमूना प्रश्न — कक्षा 8 पठन (रीडिंग)*

*नोट: विद्यार्थियों को "अराचने" तथा "डैमन और पाइथिआज" की कहानियों को पढ़ने और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए कहा गया था।*

**निर्देश:** प्रश्न पढ़ें और सर्वोत्तम उत्तर चुनें। फिर अपने द्वारा चुने गये उत्तर के स्थान पर निशान लगायें।

पाइथिआज को अपनी वसीयत करने की अनुमति देकर, डायनसस दिखाता है कि वह — हो सकता है

विद्यार्थी का उत्तर:

| | |
|---|---|
| ○ A बहादुर | ○ C उदासीन |
| ● B दयालु | ○ D अनिश्चित |



मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट के कुछ सवाल लिखित उत्तर देने वाले होते हैं। अध्यापक इन प्रश्नों को "स्वंय के उत्तर वाले" कहते हैं क्योंकि विद्यार्थियों को सम्भावी उत्तरों की सूची में से चुनने के बजाय अपने उत्तर स्वयं निर्मित करने चाहियें। नीचे दिये गया प्रश्न उस संक्षिप्त 'स्वंय के उत्तर वाले' प्रकार का एक उदाहरण है जिसकी विद्यार्थी मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट में आशा कर सकते हैं।

## *नमूना प्रश्न — कक्षा 8 पठन (रीडिंग)*

*नोट: इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले, विद्यार्थी सम्पादक को लिखे गये दो पत्रों को पढ़ेंगे जिनमें कि इस विषय पर विरोधी विचार दर्शाये गये हैं कि क्या रोजी हाइट्स जूनियर हाईस्कूल को अपने सौभाग्य के प्रतीक चिह्न मैस्कौट, "ताकतवर खच्चर" को बदल देना चाहिये। दोनों पत्रों को पढ़ने के बाद विद्यार्थी बहुत से बहुविकल्पीय तथा स्व-उत्तर वाले प्रश्नों का उत्तर देंगे। स्व-उत्तर वाला प्रश्न और उत्तर किस प्रकार दिख सकता है इसका एक उदाहरण निम्नलिखित है।*

**निर्देश:** मार्ग्रेट काडवेल का सम्पादक के नाम पत्र पढ़ें। फिर ऐन्टोन लाज़लो का पत्र पढ़ें।

मार्ग्रेट काडवेल के पत्र का सारांश लिखें। अपने सारांश में महत्वपूर्ण बिन्दुओं का समावेश सुनिश्चित करें।

विद्यार्थी का सम्भावी उत्तर:

**भले ही कुछ लोग सौभाग्य के प्रतीक चिह्न मैस्कोट से छुटकारा पाना चाहते हों, मार्ग्रेट काडवेल आशा करती है कि आप उससे सहमत होंगे। वर्षों पहले, एक विद्यार्थी अपने खच्चर पर सवार होकर गेम के लिए आया और टीम जीत गयी, हालांकि वे हार रहे थे। वह विद्यार्थी मार्ग्रेट के दादा थे, और वह खच्चर मैस्कोट, सौभाग्य का प्रतीक चिह्न हो गया। यह वर्षों तक सौभाग्य का प्रतीक चिह्न (मैस्कोट) रहा है और उसे आशा है कि इसे नहीं बदला जायेगा क्योंकि खच्चर एक अच्छा मैस्कोट रहा है।**

*नोट: उत्तर मार्ग्रेट काडवेल के पत्र की पूरी समझ दर्शाता है। तथापि, विभिन्न उत्तर स्वीकार्य होंगे।*



# मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स

## मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स क्या हैं?

मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स (HSA) अंग्रेज़ी, बीजगणित/डेटा विश्लेषण, सरकार तथा जीवविज्ञान विषयों में दी जाने वाली परीक्षायें हैं। विद्यार्थी हर कोर्स को पूरा कर लेने के बाद उसकी परीक्षा देते हैं। (इसमें हाईस्कूल स्तर के कोर्स लेने वाले माध्यमिक (मिडिल) स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हैं।) इन परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा लिखित उत्तर दिये जाने वाले प्रश्न शामिल होते हैं। हर विद्यार्थी, स्कूल, स्थानीय स्कूल व्यवस्था और राज्य, सभी के लिए स्कोर रिपोर्ट किये जाते हैं।

## क्या मेरे बच्चे को ग्रेज्युएट होने के लिए HSA पास करना पड़ता है?

इस समय नहीं। **सभी विद्यार्थियों को HSA की परीक्षा देना ज़रूरी है परन्तु उनमें पास होना अभी कोई शर्त नहीं है।** विद्यार्थियों का सबसे पहला समूह जिसे ग्रेज्युएशन की शर्त के रूप में HSA परीक्षा देना और उसे पास करना ज़रूरी हो सकता है वह वर्ष **2009** में ग्रेज्युएट होने वाली कक्षा है।






## क्या HSA में अपने प्रदर्शन के लिए विद्यार्थी जवाबदेह हैं?

हाँ। माता-पिता को उनके बच्चों के टेस्ट स्कोर प्राप्त होते हैं। साथ ही राज्य चाहता है कि स्थानीय स्कूल व्यवस्थायें, अंग्रेजी, बीजगणित/डेटा विश्लेषण, जीव विज्ञान, तथा सरकार विषयों के HSA स्कोर, उन विद्यार्थियों की ट्रांसक्रिप्ट (प्रतिलेख) पर बताएं जिन्होंने वर्ष **2001** के 'फॉल' सत्र में या उसके बाद कक्षा **9** में प्रवेश किया है, इसलिए आपका बच्चा परीक्षाओं में अपनी ओर से भरसक प्रयास करना चाहेगा।

## क्या विद्यार्थियों को हाईस्कूल डिप्लोमा लेने के लिए मैरीलैंड फंक्शनल टेस्ट्स अवश्य पास करना चाहिये?

अगस्त **2003** में, मैरीलैंड राज्य शिक्षा बोर्ड ने मैरीलैंड फंक्शनल टेस्टिंग कार्यक्रम को समाप्त करने का निर्णय ले लिया था। **2004** की ग्रेज्युएटिंग कक्षा विद्यार्थियों की वह आखिरी कक्षा है जिसे डिप्लोमा लेने के लिए मैरीलैंड फंक्शनल टेस्ट पास करने ज़रूरी हैं। राज्य बोर्ड ने फंक्शनल टेस्टिंग कार्यक्रम को इस लिए समाप्त कर दिया ताकि स्कूल, विद्यार्थियों को HSA के लिए तैयार करने पर ध्यान केन्द्रित कर सकें। HSA, फंक्शनल परीक्षाओं, जो कि केवल आधारभूत पठन, लिखने और गणित की निपुणताओं को नापती हैं, की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है।

यदि आपके अपने बच्चे के द्वारा स्कूल में दिये जाने वाले टेस्ट के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया उसके अध्यापक या मार्गदर्शन सलाहकार से बात करें। अधिक जानकारी और नमूना टेस्ट की लिंक के लिए आप मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.marylandpublicschools.org भी देख सकते हैं। छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता सम्बन्धी जानकारी के लिए मैरीलैंड उच्चतर शिक्षा आयोग की वेबसाइट www.mhec.state.md.us देखें और अपने बच्चे के मार्गदर्शन सलाहकार से बात करें।



# मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स
# परीक्षा प्रश्नों के नमूने

## *बीजगणित/डेटा विश्लेषण असेसमेन्ट से उद्घृत अंश*


निम्नलिखित टेस्ट मद बीजगणित/डेटा विश्लेषण के उस असेसमेन्ट से लिये गये हैं जिसका क्षेत्र-परीक्षण जनवरी और मई **2000** के दौरान किया गया। **2001, 2002,** और **2003** में बताए गए नमूना प्रश्नों को देखने के लिए mdk12.org/mspp/high_school/look_like/ देखें।

### निर्देश:

नीचे दिये गये प्रश्न को पूरा करने के लिए उत्तर पुस्तिका में दी गई 'रिस्पोंस ग्रिड्स' का प्रयोग करें।

केशा यार्ड के काम के लिए प्रति घंटा **$5.50** चार्ज करती है। वह हर कार्य के लिए आपुर्तियों हेतु **$2.00** शुल्क भी चार्ज करती है। उसे **$35.00** का भुगतान पाने के लिए एक कार्य पर कितने घंटे काम करना होगा?

### विद्यार्थी का उत्तर:






**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्न को उत्तर पुस्तिका में पूरा करें।


दो साइकिल की दुकानें 'कस्टम-मेड' साइकिलें बनाती हैं। बाइसिकल सिटी **$160** तथा साइकिल बनाने में लगने वाले हर दिन के लिए **$80** चार्ज करती है। बाइक टाउन साइकिल बनाने में लगने वाले हर दिन के लिए **$120** चार्ज करती है।

- हर स्टोर के लिए x दिनो में एक कस्टम-मेड साइकिल बनाने के लिए चार्ज (C) को वर्णित करता हुआ एक समीकरण लिखें।
- कितने दिनों के लिए हर स्टोर पर लगने वाली कीमत (चार्ज) वही होगी? उतने दिनों के लिए चार्ज क्या होगा? अपने उत्तर को उचित ठहराने के लिए गणित का प्रयोग करें। (यदि आप इस सवाल को ग्राफ की सहायता से हल करते हैं तो अपने लिखित उत्तर के साथ उत्तर पुस्तिका में दी गयी ग्रिड का प्रयोग करें।)
- कस्टम-मेड साइकिल बनाने के लिए बाइसिकल सिटी का उपयोग करना बाइक टाउन की अपेक्षा कम मंहगा कब है? यह अधिक महंगा कब है? अपने उत्तर को उचित ठहराने के लिए गणित का प्रयोग करें।

### विद्यार्थी का उत्तर:

बाइक सिटी
160 + 80x=C
160 + 80(4)=480

बाइक टाउन
120x=C
120(4)=480




**4 दिनों में हर स्टोर पर चार्ज वही होगा $480**

**कम महंगी**
**बाइक सिटी**
X>4

**4 दिनों के बाद रेखा नीची हो जाती है**

**अधिक महंगी**
**बाइक सिटी**
X<4

*नोट: विद्यार्थी प्रश्न को विभिन्न तरीकों से हल कर सकते हैं।*

**निर्देश:** अपने उत्तर को इंगित करने के लिए समुचित गोले को गहरा करें।

नीचे दी गयी तालिका युनाइटेड स्टेट्स में उन कुत्तों की संख्या दर्शाती है जो कुछ करतब (ट्रिक) दिखा सकते हैं।

### डॉग ट्रिक्स (कुत्ते के करतब)

| करतब | संख्या (मिलियन में) |
|---|---|
| बैठना | 5.3 |
| पंजा मिलाना | 3.8 |
| लुढ़कना | 2.9 |
| पिछली टांगों पर खड़ा होना | 1.9 |
| गाना | 0.8 |
| अखबार लाकर देना | 0.4 |

**स्टीव तालिका में दिये गये उन कुत्तों के मूल्य को जोड़ देता है जो पिछली टांगों पर खड़े हो सकते हैं और गा सकते हैं। वह इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि युनाइटेड स्टेट्स में 2.7 मिलियन कुत्ते ऐसे हैं जो अपनी पिछली टांगों पर खड़े हो सकते हैं या गा सकते हैं।**

**यह वक्तव्य डेटा का गलत प्रयोग क्यों है?**

विद्यार्थी का उत्तर:

○ A स्टीव ने यह विचार नहीं किया कि कुछ कुत्ते करतब नहीं दिखाते।

○ B स्टीव ने यह विचार नहीं किया कि कुछ कुत्ते केवल एक करतब दिखाते हैं।

○ C स्टीव ने युनाइटेड स्टेट्स के सभी कुत्तों का विचार नहीं किया।

● D स्टीव ने यह विचार नहीं किया कि कुछ कुत्ते दोनों करतब दिखा सकते हैं।





# विशेष ज़रूरतों वाले और/या अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता रखने वाले विद्यार्थियों का परीक्षण (टेस्ट)

मैरीलैंड के कुछ विद्यार्थियों की विशेष ज़रूरतें होती हैं। उदाहरण के लिए, किसी विकलांगता वाले विद्यार्थी की निर्देशों और परीक्षा सम्बन्धी विशेष ज़रूरतें हो सकती हैं, उसी प्रकार उस विद्यार्थी की भी जिसने अभी अंग्रेजी भाषा सीखनी शुरू की है। चूँकि मैरीलैंड हर विद्यार्थी के लिए उपलब्धि में सुधार करने हेतु वचनवद्ध है, इसलिए विशेष ज़रूरतों वाले और/या अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता रखने वाले विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन करना (नापना) बहुत महत्वपूर्ण है। सभी विद्यार्थियों का यह वैधानिक अधिकार है कि उन्हें यथासम्भव पूरी हद तक सभी राज्यव्यापी परीक्षाओं में शामिल किया जाये और उनके परीक्षा परिणाम मैरीलैंड की जवाबदेही व्यवस्था का हिस्सा हों। सभी विद्यार्थियों का यह वैधानिक अधिकार है कि उन्हें शिक्षण और प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलें जिससे उन्हें उसे प्रदर्शित करने में सहायता मिल सके जो उन्होंने सीखा है।

**वे विद्यार्थी जो विशेष शिक्षा सेवायें प्राप्त करते हैं,** राज्य की सभी परीक्षायें देंगे, जब तक कि उनका इंडिविज्युअलाइज्ड एज्युकेशन प्रोग्राम (IEP) यह न कहता हो कि वे पूर्व में इंडिपेन्डेन्स मास्टरी असेसमेन्ट प्रोग्राम (IMAP) कहे जाने वाले Alt-MSA टेस्ट देंगे। Alt-MSA उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया टेस्ट है जो सामान्य पाठ्यक्रम में हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

**उन सभी विद्यार्थियों को जिन्हें दूसरी भाषा कार्यक्रम (ESOL) के रूप में अंग्रेजी में निर्देश मिलते हैं राज्य की सभी परीक्षाओं में हिस्सा लेना चाहिए।** हर स्कूल की अंग्रेजी में सीमित प्रवीण/लिमिटेड इंग्लिश प्रोफिशिएन्ट (LEP) कमेटी अंग्रेजी में सीमित प्रवीण विद्यार्थियों के लिए राज्य परीक्षाओं में हिस्सा लेने हेतु समुचित सुविधाओं के बारे में निर्णय लेती है।

**राज्य की परीक्षाओं के लिए सुविधायें वही होंगी जैसी कि कक्षा में निर्देश के दौरान प्रदान की जाती है और जो विकलांग विद्यार्थी के LEP में वर्णित की गयी है** अथवा 504 के अधिकारी या अंग्रेजी में सीमित प्रवीण विद्यार्थियों के लिए बनायी गयी योजनाओं में हैं।

यदि आपका बच्चा विशेष ज़रूरतों वाला है या उसकी अंग्रेजी में प्रवीणता सीमित है तो उसके लिए निर्देश और परीक्षा सम्बन्धी योजनाओं के बारे में और अधिक जानने के लिए अपने स्कूल से सम्पर्क करें।

# जवाबदेही

मैरीलैंड स्कूलों और स्कूल व्यवस्थाओं को उपलब्धि डैटा रिपोर्ट करके, प्रगति के लिए पुरस्कार देकर, तथा जब स्कूलों की प्रगति में सुधार नहीं हो रहा है तब कार्यवाही करके, सुधार के लिए जवाबदेह ठहराता है।

## परिणाम किस प्रकार रिपोर्ट किये जाते हैं?

स्कूल की उपलब्धि के परिणाम एक वार्षिक "रिपोर्ट कार्ड" (मैरीलैंड स्कूल परफोर्मेन्स रिपोर्ट) में बताएं जाते हैं ताकि माता-पिता और समुदाय जान लें कि उनके स्कूल कितनी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। रिपोर्ट वेबसाइट www.mdreportcard.org पर उपलब्ध हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी विद्यार्थी प्रगति कर रहे हैं, राज्य, स्कूल व्यवस्था और स्कूल के परिणाम जाति/नस्ल, लिंग, विकलांगता, गरीबी स्तर, प्रवासी स्तर और अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता वार रिपोर्ट किये जाते हैं। (हर विद्यार्थी के निजी स्कोर सार्वजनिक नहीं किये जाते। वह सूचना आपके लिए और आपके बच्चे के अध्यापकों के लिए हैं।)

## क्या स्कूलों को प्रगति करने के लिए पुरस्कार दिया जाता है?

यदि स्कूलों में सुधार होता है, तो उन्हें आर्थिक पुरस्कार और सम्मान मिल सकता है।

## यदि कोई स्कूल प्रगति नहीं करता तो क्या होता है?

मैरीलैंड विद्यार्थी की उपलब्धि के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करता है। स्कूलों को समुचित वार्षिक प्रगति/ऐडिक्वेट ईयरली प्रोग्रेस (AYP) करने के लिए विद्यार्थियों के सभी उपसमूहों मे अपने सभी लक्ष्यों को पूरा करना चाहिये। संघीय सरकार के 'नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइन्ड ऐक्ट' के अनुसार, मैरीलैंड के लिए AYP का निरीक्षण करना, माता-पिता को परिणाम रिपोर्ट करना और जब स्कूल प्रगति नहीं कर रहे हों तो कार्यवाही करना ज़रूरी है।

- जो स्कूल दो लगातार वर्षो तक AYP के अनुसार प्रगति नहीं करता उसे राज्य स्कूल सुधार वर्ष 1 के लिए चिन्हित किया जायेगा। स्कूल को विद्यार्थी की उपलब्धि सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिए अपनी स्कूल सुधार योजना में संशोधन करना चाहिये। यदि स्कूल उच्च-निर्धनता वाले स्कूलों के लिए फेडेरल टाइटिल I कार्यक्रम में हिस्सा लेता है तो इसे माता-पिता को अपने बच्चे को क्षेत्र के उच्चतर उपलब्धि वाले स्कूल में स्थानांतरित करने का विकल्प देना चाहिए।





- यदि स्कूल तीसरे साल भी AYP के अनुसार प्रगति नहीं करता, तो वह राज्य सुधार वर्ष **2** में चला जायेगा। स्कूल को अपनी सुधार योजना का पालन करना जारी रखना चहिए। यदि स्कूल टाइटिल I स्कूल है तो इसे अतिरिक्त सेवायें प्रदान करनी चाहिये जैसे कि आर्थिक रूप से पिछड़े हुए विद्यार्थियों के लिए 'ट्यूटरिंग'। वे विद्यार्थी जो मुफ्त या घटे-दाम पर भोजन पाने के अधिकारी हैं, उन्हें आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ माना जाता है।

- यदि स्कूल चौथे साल भी AYP के अनुसार प्रगति नहीं करता तो यह सुधारात्मक कार्यवाही में चला जाता है, और स्कूल व्यवस्था को स्कूल में सुधार लाने के लिए विशिष्ट कार्यवाही करनी चाहिए। इन कार्यवाहियों में स्कूल स्टाफ को हटाना, नये पाठ्यक्रम को अपनाना, अथवा स्कूल वर्ष को बढ़ाना शामिल हो सकते हैं।

- यदि स्कूल पाँचवे साल में AYP के अनुसार प्रगति नहीं करता तो यह पुनर्गठन में चला जाता है। पुनर्गठन में हो सकता है कि राज्य या स्थानीय स्कूल व्यवस्था स्कूल के परिचालन या अन्य कार्यो को अपने अधिकार में ले लें।

- यदि स्कूल के लिए उपरोक्त कार्यवाहियां करने की ज़रूरत है तो माता-पिता को सूचित किया जायेगा। स्कूल दो लगातार वर्षो तक AYP करने के बाद राज्य स्कूल सुधार से वाहर आयेगा।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि राज्य स्कूल सुधार, सुधार करने के लिए एक अवसर है। यदि कोई स्कूल राज्य स्कूल सुधार के लिए चिन्हित किया जाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह स्कूल अच्छा स्कूल नहीं है। असल में, हो सकता है कि स्कूल औसत रूप से उच्च प्रदर्शन कर रहा हो परन्तु उसे एक या उससे अधिक उपसमूहों में प्रदर्शन में सुधार की ज़रूरत हो। राज्य स्कूल सुधार में स्कूलों की सूची के लिए www.mdreportcard.org वेबसाइट देखें।



# परिवार की भागीदारी

इस बात को स्वीकार करते हुए कि विद्यार्थी की उपलब्धि में परिवार की भागीदारी का सशक्त प्रभाव होता है, मैरीलैंड ने एक परिवार भागीदारी नीति अपनायी है। **2003** के आखिरी दिनों में राज्य स्कूल अधीक्षिका Nancy S. Grasmick ने शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने के लक्ष्य को पूरा करने में राज्य की सहायता करने के लिए मैरीलैंड की पैरेन्ट ऐडवाइजरी कौंसिल (M-PAC) स्थापित की (देखें पृष्ठ **5**)। M-PAC, 140 माता-पिता और वकीलों का एक समूह है जो माता-पिता की भागीदारी सम्बन्धी मुद्दों पर राज्य अधीक्षक तथा राज्य शिक्षा बोर्ड की एक सलाहकार के रूप में सेवा करेगा।M-Pac के बारे में और अधिक जानकारी www.marylandpublicschools.org पर पायी जा सकती है।

मैरीलैंड स्कूल माता-पिता और कानूनी संरक्षकों का स्कूलों में स्वागत करते हैं, उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और निर्णय लेने में उन्हें शामिल करते हैं। यह जानने के लिए कि बच्चे के स्कूल में परिवार और शिक्षक परस्पर बातचीत कर रहे हैं और साथ मिलकर काम कर रहे हैं, निम्नलिखित संकेत तलाशें।

## स्कूल और परिवार नियमित रूप से सम्वाद करते हैं।

- स्कूल बच्चों को सीखने में मदद करने के विषय पर सुझावों के साथ न्यूजलेटर प्रकाशित करते हैं।





- स्कूल परिवारों के साथ स्कूल में उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में सम्वाद करते हैं।
- माता-पिता समझते हैं कि अपने बच्चे के अध्यापकों से कैसे और कब सम्पर्क किया जाये।

## माता-पिता विद्यार्थियों की सीखने में मदद करने में भूमिका अदा करते हैं।

- अध्यापक माता-पिता की यह समझने में मदद करते हैं कि वे बच्चों की होमवर्क में कैसे मदद करें।
- माता-पिता को उनके बच्चों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने में शामिल किया जाता है।

## माता-पिता का स्कूल में स्वागत किया जाता है, और उनकी सहायता की प्रशंसा की जाती है

- स्कूल माता-पिता और परिवार के सदस्यों को स्कूल की गतिविधियों में शामिल होने के लिए बढ़ावा देते हैं।
- माता-पिता को स्कूल में स्वैच्छिक सेवा के लिए अवसरों की जानकारी है।

## माता-पिता को उन निर्णयों को लेने में शामिल किया जाता है जिनका प्रभाव उनके बच्चों पर पड़ता है।

- स्कूल के पास निर्णय लेने और समस्याओं को सुलझाने के लिए स्पष्ट नीति है।
- माता-पिता को स्कूल नीतियों पर तथा विद्यार्थी व विद्यार्थी के प्रदर्शन पर अद्यतन जानकारी सुलभ है।
- अध्यापक और प्रशासक माता-पिता को उनके बच्चे को प्रभावित करने वाले निर्णयों (जैसे कोर्स का चयन, कैरियर प्लानिंग) में शामिल होने को बढ़ावा देते हैं।
- माता-पिता के प्रतिनिधियों को स्कूल सुधार टीम में शामिल किया जाता है।

ये उन तरीकों में से केवल कुछ हैं जिनमें स्कूलों में सुधार लाने के लिए परिवार और स्कूल साथ मिलकर काम कर सकते हैं। आप अपने बच्चे के अध्यापक या प्रिंसिपल (प्रधानाचार्य) से पूछना चाह सकते हैं कि आप और अधिक शामिल किस प्रकार हों। जब परिवार और स्कूल साथ मिलकर काम करते हैं तो हर किसी की जीत होती है।



## उपलब्धि को प्रोत्साहित करना

आप चाहते हैं कि आपका बच्चा स्कूल में जीवन में सफल हो। उपलब्धि हासिल करने के लिए उसे प्रोत्साहित करने के बहुत से तरीके हैं। वे कुछ भिन्न तरीके, जिनके द्वारा आप अपने बच्चे की स्कूल से पूरा-पूरा लाभ उठाने में मदद कर सकते हैं, निम्नलिखित हैं:

- अपने बच्चे के लिए उच्च अपेक्षायें निर्धारित करें। यह स्पष्ट कर दें कि स्कूल उसकी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए।
- अपने बच्चे की प्रगति के बारे में और इस बारे में भी कि आप सुधार लाने में उसकी मदद करने के लिए क्या कर सकते हैं, अपने बच्चे के अध्यापकों के साथ नियमित रूप से बात करें।
- अपने बच्चे के मार्गदर्शन सलाहकार से हाईस्कूल कोर्स के चयन की योजना बनाने के लिए जल्दी ही यानि मिडिल (माध्यमिक) स्कूल में मुलाकात करें।
- हर रोज कम से कम **15** मिनट अपने बच्चे के साथ बातचीत करने में और उसके साथ पढ़ने में लगायें (परिवार की गतिविधियों की सुझायी गयी





सूची के लिए तथा माता-पिता के लिए प्रतिदिन के टिप्स के लिए वेबसाइट www.marylandpublicschools.org/family_literacy/take15.htm पर *टेक 15 फॉर दि फैमिली* देखें)

- अपने बच्चे को पढ़ने के लिए एक शान्त स्थान प्रदान करें।
- अपने बच्चे की उसके होमवर्क में मदद करें।
- आपका बच्चा स्कूल में जो कर रहा है उसमें रुचि दर्शायें।
- अपने बच्चे की टेलीविजन देखने की अवधि सीमित करें और जो वह टीवी पर देखता है उस पर चर्चा करें।
- अपने बच्चे के द्वारा विडियो गेम्स खेलने या इन्टरनेट पर लगाये जाने वाले समय पर गौर करें।
- स्कूल गतिविधियों में सहायता करने के लिए स्वेच्छा से आगे आयें और दूसरे माता-पिता को भी शामिल करने की कोशिश करें।
- अपने बच्चे को चुनौतीपूर्ण कोर्स लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
- यदि आपका बच्चा मिडिल या हाईस्कूल में है तो उसके मार्गदर्शन सलाहकार से हाईस्कूल के बाद के अवसरों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करें।

रोजाना कम से कम **15** मिनट
**अपने बच्चे के साथ** बातचीत करने में
और उसके साथ पढ़ने में **लगायें**।

# अधिक जानकारी के लिए

यदि विद्यार्थी या स्कूल के कार्य-प्रदर्शन के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो उनका जवाब जानने के लिए सबसे अच्छा स्रोत आपके बच्चे के अध्यापक, प्रधानाचार्य, या मार्गदर्शन सलाहकार हैं। जानकारी का दूसरा उत्तम स्रोत आपकी स्थानीय स्कूल व्यवस्था है। और अपनी पब्लिक लाइब्रेरी को न भूलें! आप लाइब्रेरी के कम्प्यूटर्स को वेब से जुड़ने के लिए प्रयोग कर सकते हैं, और लाइब्रेरी स्टाफ आपकी रिसर्च में सहायता कर सकता है। निम्नलिखित संस्थान आपको विद्यार्थी की उपलब्धि और स्कूल सुधार के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

**मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग**
**MARYLAND STATE DEPARTMENT OF EDUCATION**
200 West Baltimore Street
Baltimore, MD 21201
फोन: 410-767-0600 या 888-246-0016
फैक्स: 410-333-2275
टीटीवाई/टीडीडी 410-333-3045

www.marylandpublicschools.org
*प्रेस विज्ञप्तियों और कार्यक्रम की सूचना के लिए*

www.mdk12.org
*निर्देश, स्कूल सुधार टीमों व और अधिक जानकारी के लिए*

www.mdreportcard.org
*स्कूल परफोर्मेन्स डैटा के लिए*

**मैरीलैंड PTA**
**MARYLAND PTA**
5 Central Avenue
Glen Burnie, MD 21061
फोन: 410-760-6221 या 1-800-707-7972
फैक्स: 410-760-6344
www.mdpta.org

**यू.एस. शिक्षा विभाग**
**U.S. DEPARTMENT OF EDUCATION**
400 Maryland Avenue, SW
Washington, DC 20202
फोन: 1-800-USA-LEARN
फैक्स: 202-401-0689
टीटीवाई/टीडीडी 1-800-437-0833

www.ed.gov
*सामान्य जानकारी के लिए*

www.nochildleftbehind.org
*नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइन्ड ऐक्ट पर जानकारी के लिए*

**मैरीलैंड उच्चतर शिक्षा आयोग**
**MARYLAND HIGHER EDUCATION COMMISSION**
*कॉलेजों, वित्तीय सहायता और छात्रवृत्तियों पर जानकारी के लिए*
839 Bestgate Road, Suite 400
Annapolis, Maryland 21401
फोन: 410-260-4500 या 1-800-974-0203
*सामान्य पूछताछ के लिए*

फोन: 410-260-4565 या 1-800-974-1024
*वित्तीय सहायता सम्बन्धी पूछताछ के लिए*

फैक्स: 410-260-3200
टीटीवाई 800-735-2258
www.mhec.state.md.us





# हम कैसा काम कर रहे हैं?

हम आपसे इस बारे में जानना चाहेंगे कि इस प्रकाशन ने, मैरीलैंड के पब्लिक एज्युकेशन, स्कूल सुधार प्रयासों के बारे में लक्ष्यों को समझने में, और माता-पिता अपने बच्चों और स्कूलों को उपलब्धि हेतु प्रोत्साहित करने के लिए क्या कर सकते हैं, यह समझने में आपकी कितनी मदद की। कृपया नीचे दी गयी प्रश्नावली को पूरा करने के लिए कुछ समय दें।

**1. क्या आपको इस प्रकाशन में दी गयी सामग्री समझ में आयी**

___ हाँ   ___ नहीं   ___ मुझे कुछ अंश दूसरे अंशों की तुलना में बेहतर समझ में आये

कृपया अपनी पसन्द समझायें:

**2. क्या हमने उन चीजों के बारे में बात की जिनके बारे में आप परवाह करते हैं?**

___ हाँ   ___ नहीं   ___ मैंने दूसरी चीजों की बजाय कुछ बातों की अधिक परवाह की

कृपया अपनी पसन्द समझायें:

**3. क्या हमने हर विषय पर सही मात्रा में विवरण दिये?**

___ हाँ   ___ नहीं, *बहुत अधिक विवरण*   ___ नहीं, *पर्याप्त विवरण नहीं*

कृपया अपनी पसन्द समझायें:

**4. अतिरिक्त टिप्पणियां**

हमें यह बताने के लिए कि हम कैसा काम कर रहे हैं, आपके द्वारा दिये गये समय के लिए धन्यवाद। कृपया इस पेज को काट कर बाहर निकाल लें और **410-333-2275** पर फैक्स करें अथवा इसे मैरीलैंड शिक्षा विभाग को Maryland State Department of Education, Communications and Strategic Planning Office, 200 West Baltimore Street, Baltimore, Maryland 21201-2595 पर भेज दें।

# मैरीलैंड राज्य शिक्षा विभाग
# सूचना हेतु अनुरोध

नीचे बतायी गयी सामग्रियां **www.marylandpublicschools.org** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छपी पुस्तिकाएं पाने के लिए कृपया इस फार्म का प्रयोग करें।

______ *मैरीलैंड स्कूल परफोर्मेन्स रिपोर्ट* (राज्य और स्थानीय स्कूल व्यवस्था के कार्य -प्रदर्शन पर एक वार्षिक रिपोर्ट)

______ *दि फैक्ट बुक* (पब्लिक एज्युकेशन संबंधी सांख्यिकी)

*फैक्ट शीट्स* (एक पेज के सूचना पत्रकों की श्रृंखला)

- ______ मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स
- ______ ब्रिज टु एक्सीलेन्स इन पब्लिक स्कूल्स ऐक्ट
- ______ सुधार हेतु चिन्हित स्कूल, सुधारात्मक कार्यवाही, पुनर्गठन

______ * *टेस्टिंग इन मैरीलैंड: ए पैरेन्ट्स गाइड टु दि मैरीलैंड स्कूल असेसमेन्ट*

______ * *मैरीलैंड हाईस्कूल असेसमेन्ट्स : ए मैसेज टु पैरेन्ट्स फ्राम दि स्टेट सुपरिटेन्डेंट ऑफ स्कूल्स*

______ * *ए पैरेन्ट्स गाइड टु अचीवमेन्ट मैटर्स मोस्ट* (इस प्रकाशन की और अधिक प्रतियों के लिए अनुरोध करने हेतु)

** इस प्रकाशन का कुछ चुनी हुई विदेशी भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध है। कृपया इच्छित भाषा का ब्यौरा दें*

आपका नाम: ______________________________

पता: ______________________________

दिन के समय हेतु फोन: ______________________________

भेजें: The Maryland State Department of Education
Communications and Strategic Planning Office
200 West Baltimore Street
Baltimore, Maryland 21201-2595

या फैक्स करें: 410-333-2275